nt>

Title: Need for four-laning of National Highway No. 3 between Nasik and Mumbai. − Laid.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : महोदय, नासिक शहर का विकास शीघ्र गति से हो रहा है। भारत में जितने भी 10 लाख आबादी के शहर हैं उनमें नासिक का नम्बर महाराट्र में 4 और देश के स्तर पर यह 26वां है। यह शहर मुम्बई से 200 किलोमीटर, गुजरात से 100 किलोमीटर और पुणे से 200 किलोमीटर है। यहां से नेशनल हाईवे नं.3, मुम्बई-आगरा रोड जाना है। इस हाईवे के उपर भारी यातायात होने के कारण मैं केन्द्र सरकार से प्रार्थना करता हूं कि इस नेशनल हाईवे नं.3 को मुम्बई से नासिक तक फोर लेन का होना आवश्यक है।

इसलिए केन्द्र से मैं अनुरोध करता हूं कि इस नेशनल हाईवे नं.3 को नासिक से मुम्बई तक 4 लेन एक्सप्रैस हाईवे बनाया जाए।